कैटलिस्ट कॉलेज के 259 बीबीए छात्रों को ICICI Bank मे मिला जॉब

कैटलिस्ट कॉलेज से अबतक 1580 छात्रों का हो चुका है 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' में चयन

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित **'कैटलिस्ट कॉलेज'** में वर्ष 2022 में कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव के तहत प्रतिष्ठित आई.सी.आई.सी.आई. बैंक का आगमन हुआ जिसमें प्रबंधन एवं कॉमर्स के फाइनल ईयर के छात्रों ने भाग लिया | बीबीए, बीबीएम, बी-कॉम एवम पीजीडीएम के छात्रों की संख्या को देखते हुये यह कैंपस प्लेसमेंट लगातार दो दिनों (11 एवम 12 जुलाई) तक चला | छात्रों का चयन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में 'डिजिटल बैंकिंग एक्ज़ेक्यूटिव' (डिजिटल बैंकिंग प्रभारी) के तौर पर किया गया है | छात्रों के चयन के लिए हैदराबाद, मुंबई तथा पटना से आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के 22 सदस्यीय दल का आगमन हुआ, जिनका नेतृत्व मुम्बई से आई सुश्री निकिता (एच.आर.) तथा हैदराबाद से आए यूनिट मैनेजर श्री व्यंकटेश तथा मुरलीधर कर रहे थे |

लगातार दो दिनो तक चले इंटरव्यू के पश्चात कैटलिस्ट कॉलेज से कुल 259 छात्रों को चयनित किया गया | सभी छात्रों का चयन 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' के पे-रोल पर हुआ है और इन छात्रों को 3.1 लाख रु के बेस पे मिला है इसके ऊपर इन्हे अन्य लाभ और अतिरिक्त इन्सेंटिव भी प्राप्त होगा | सभी चयनित छात्रों को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक द्वारा सर्वप्रथम बैंकिंग, फायनान्शियल सर्विसेज़ एवं कैपिटल मार्केट के विभिन्न मॉडयुल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी | चयनित छात्रों को दो साल में प्रोबेशनरी आफिसर के पद पर पदोन्नति मिलेगी | छात्रों की पदस्थापना ठाणे-मुंबई, हैदराबाद, भुवनेशवर, इंदौर, गुवाहाटी अथवा मोहाली में हुई है | आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में दो साल की अवधि तक कार्य करने के बाद इन्हे 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' के पी०ओ० प्रोग्राम के तहत MBA करने का मौका भी मिलेगा, जिसके सफल समापन के पश्चात ये 'डिप्टी मैनेजर – ग्रेड – 1' के पद पर आसीन हो जाएंगे |

इस अवसर पर जानकारी प्रदान करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'पूर्व में भी कैटलिस्ट कॉलेज में 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक', एचडीएफ़सी बैंक, Axis बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक का आगमन होता रहा है और कैटलिस्ट कॉलेज से अबतक 2400 छात्रों को बैंकिंग सेक्टर मे चयनित किया जा चुका है | ICICI बैंक के हैदराबाद स्थित वृहद हेड-क्वार्टर मे पहले से कैटलिस्ट कॉलेज के 1200 से अधिक छात्र कार्यरत है | इसी तरह BCA और BSc-IT के 3500 से अधिक छात्रों का चयन टीसीएस, विप्रो, इन्फोसिस, कोग्निजेंट, कैपजेमनी, अससेंचर, आईबीएम आदि कंपनियों मे अब तक हुआ है |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की सह-निदेशिका मेघा अग्रवाल ने बताया कि कैटलिस्ट कॉलेज मे नए सत्र मे बीबीए, बीएससी-आईटी, बीबीएम, बी-कॉम, पीजीडीएम(एमबीए), बीसीए हेतु छात्रों का नामांकन हो रहा है | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज डीन नीरज पोद्दार तथा अन्य शिक्षकों ने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज में कोर्स के साथ छात्रों को कराये जाने वाले विभिन्न ऐड-ऑन प्रोग्राम्स जैसे, कैट-मैट तथा बैंक पी०ओ० प्रीप्रेशन, इंटेसिव कस्टमर सर्विस ट्रेनिंग, रिटेल मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, स्टॉक मार्केट, कम्प्युटरीकृत अकाउंटिंग, टैक्सेशन, माइक्रोफ़ाइनेंस एवं इंटरव्यू हैंडलिंग स्किल्स तथा पर्सनैलिटी ग्रूमिंग की क्लासेस ने भी इन छात्रों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की | उन्होने छात्रों के चयन हेतु 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के आगमन पर प्रसन्नता जाहिर की तथा छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना की |

Congratulations to all selected students
ICICI Bank Placement Drive-2022

Congratulations to all selected students
ICICI Bank Placement Drive-2022
CIMAGE